## Regarding houses under Port Trust Authority

श्री अरविंद सावंत **(मुम्बई दक्षिण):** माननीय सभापति महोदय, मुम्बई शहर में बी.डी.डी. चाल नामक चार गृह संकुल हैं । इनके अंग्रेजों के जमाने के होने की वज़ह से राज्य सरकार ने उनका पुनर्विकास करने का निर्णय लिया और उनके पुनर्विकास का काम शुरू भी किया, लेकिन इन चारों गृह संकुल में से तीन संकुल राज्य सरकार की जमीन पर हैं, जिसके कारण राज्य सरकार इनके पुनर्विकास का काम कर पाई । एक गृह संकुल मुम्बई पोर्ट ऑथोरिटी की जमीन पर है, मतलब केन्द्र सरकार की जमीन पर है । केन्द्र सरकार इसकी अनुमति नहीं दे रही है ।

महोदय, एक तरफ तो हम ?विकसित भारत? की बात कर रहे हैं, पक्के घर देने की बात कर रहे हैं और दूसरी तरफ पुरानी इमारत ढह गयी है, उसके पुनर्विकास की अनुमति देने के लिए मैं आपके माध्यम से प्रार्थना करता हूं ।